# प्रेस विज्ञप्ति

दिनांकः- 22.07.2021

# महोबा पुलिस

सोशल मीडिया सेल

## थाना श्रीनगर, स्वॉट एवं सर्विलांश की संयुक्त पुलिस टीम ने जुआ खेल रहे 10 अभियुक्त किये गिरफ्तार, मौके से 33140 रुपये बरामद...।

पुलिस अधीक्षक महोबा श्रीमती सुधा सिंह के निर्देशन पर जनपदीय पुलिस टीम द्वारा चलाये जा रहे अवैध जुआ के विरुद्ध अभियान व इसमें लिप्त अपराधियों की गिरफ्तारी के क्रम में दिनांक 21.07.2021 को थाना श्रीनगर SHO श्री संजय कुमार शर्मा के नेतृत्व में तथा स्वॅाट एवं सर्विलांश टीम की मदद से ग्राम सिजहरी में सार्वजनिक स्थान पर जुआ खेलते हुये 10 अभियुक्तों को दबिश देकर गिरफ्तार किया गया जिनके कब्जे से 52 अदद ताश पत्ता व 2 अदद ताश की गड्डी व कुल 28,500 रूपये मालफड व 4640 रूपया जामातलाशी व 6 अदद एन्ड्राइड मोबाइल व 2 अदद कीपैड मोबाइल (मालफड) बरामद हुये। गिरफ्तारी व बरामदा माल के आधार पर अभि0गणो के विरूद्ध थाना स्थानीय पर मु0अ0सं0 109/21 धारा 13 सार्वजनिक जुआ अधिनियम पंजीकृत करते हुये अभि0 गणो के विरूद्ध विधिक कार्यवाही की जा रही है।

### गिरफ्तार करने वाली संयुक्त पुलिस टीम...

थाना श्रीनगर- SHO संजय कुमार शर्मा , SSI लाखन सिंह कां0 रोहित कुमार , कां0 प्रदीप मौर्या

सर्विलान्स टीम - उ0नि0 राहुल सिंह परमार कां0 धर्मेन्द्र सिंह

स्वाट टीम – उ0नि0 राजबहादुर सिंह कां0 नरेन्द्र कुमार

### गिरफ्तार अभियुक्तों का विवरण...

1. हजरत पुत्र दिलदार उम्र 25 वर्ष नि0 बालू मिल भटीपुरा कोतवाली महोबा 2. रोहित राजपूत पुत्र महेश उम्र 25 वर्ष 3. अमन पुत्र परमेश्वरी दयाल उम्र 20 वर्ष 4. दिलीप खंगार पुत्र दीनदयाल उम्र 22 वर्ष 5. बृजेन्द्र पुत्र किशन राजपूत उम्र 28 वर्ष 6. कल्याण राजपूत पुत्र हरदयाल उम्र 35 वर्ष 7. अरविन्द पुत्र लल्लू राजपूत उम्र 35 वर्ष 8. प्रेम पुत्र छिद्दू रैकवार उम्र 28 वर्ष निवासीगण ग्रलाम सिजहरी थाना श्रीनगर 9. मानसिंह पुत्र धनेश वर्मा उम्र 33 वर्ष निवासी बगवाहा थाना कुलपहाड 10. राजेन्द्र पुत्र कालीदीन अहिरवार उम्र 30 वर्ष निवासी ग्राम ननवारा थाना कुलपहाड जनपद महोबा।



# प्रेस विज्ञप्ति

**दिनांकः- 22.07.2021**

# महोबा पुलिस

**सोशल मीडिया सेल**

## थाना कबरई पुलिस टीम ने अभियुक्त को किया गिरफ्तार कब्जे से 05 किलो अवैध सूखा गांजा बरामद...।

पुलिस अधीक्षक महोबा श्रीमती सुधा सिंह के निर्देशन में सम्पूर्ण जनपद में अवैध मादक पदार्थों के बिक्री व परिवहन के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान व इसमें लिप्त अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे गिरफ्तारी अभियान के क्रम में दिनांक 21.07.2021 को थानाध्यक्ष कबरई श्री दिनेश सिंह के द्वारा गठित टीम उ0नि0 राजेश मिश्रा व का0 मनीष कुमार , म0का0 निशी अग्निहोत्री के नेतृत्व में मुखबिर खास की सूचना पर रुप सागर तालाब बाहद ग्राम पहरा थाना कबरई जिला महोबा से अभियुक्त सोहित ज्योतिषी पुत्र हल्के उर्फ कृपाशंकर ज्योतिषी उम्र करीब 20 वर्ष को 05 किलो सूखा गांजा अवैध के साथ गिरफ्तार किया गया। बरामदगी व गिरफ्तारी के आधार पर अभियुक्त के विरुद्ध थाना हाजा पर मु0अ0सं0 219/21 धारा 8/20 NDPS Act पंजीकृत किया। व अभियुक्त को गिरफ्तार कर मां0 न्यायालय के समक्ष पेशी हेतु भेजा गया ।

### गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम...

1. उ0नि0 राजेश मिश्रा
2. कां0 मनीष कुमार
3. म0कां0 निशी अग्निहोत्री

**बरामदगी-** 05 किलो सूखा गांजा नाजायज।

### गिरफ्तार अभियुक्त का विवरणः-

सोहित ज्योतिषी पुत्र हल्के उर्फ कृपाशंकर ज्योतिषी उम्र करीब 20 वर्ष निवासी ग्राम खरका थाना कबरई जिला महोबा।



प्रेस विज्ञप्ति
दिनांक:- 22.07.2021

# महोबा पुलिस

सोशल मीडिया सेल

## पुलिस अधीक्षक महोबा श्रीमती सुधा सिंह के द्वारा किया गया 04 मंजिला बैरक निर्माण का भूमि-पूजन...।

पुलिस लाइन के समीप पूर्व में चिन्हित स्थान पर 04 मंजिला बैरक निर्माण के कार्य की शुरुआत आज दिनांक 22.07.2021 को पुलिस अधीक्षक महोबा श्रीमती सुधा सिंह के द्वारा वैदिक मंत्रोच्चार के साथ भूमि-पूजन के बाद निर्माण कार्य शुरु किया गया, इसको लोक निर्माण विभाग (पी0डब्ल्यू0डी0) के माध्यम से तैयार किया जायेगा। इस हेतु चिन्हित (10 मीटर × 30 मीटर) में कुल 48 कमरों का निर्माण किया जाना है, जिसकी शुरुआत आज से कर दी गयी है।

पुलिस अधीक्षक महोबा द्वारा बैरक निर्माण के कार्य को करने वाली कार्यदायी संस्था को अतिशीघ्र गुणवत्तापूर्ण सामग्री के साथ कार्य करने के निर्देश दिये गये हैं जिससे जनपदीय पुलिस के जवानों की रहने सम्बन्धी असुविधा को अतिशीघ्र दूर किया जा सके।

इस अवसर पर क्षेत्राधिकारी नगर श्री रामप्रवेश राय, प्रतिसार निरीक्षक श्री सैनजीत सिंह, प्रभारी परिवहन शाखा व अन्य अधिकारी/कर्मचारीगण मौजूद रहे।











प्रेस विज्ञप्ति
दिनांकः- 22.07.2021

# महोबा पुलिस

सोशल मीडिया सेल

## जनपद महोबा में हुआ “सड़क सुरक्षा सप्ताह” का शुभारंभ, रवाना किये गये प्रचार वाहन...।

आज दिनाँक 22.07.2021 को पुलिस अधीक्षक महोबा श्रीमती सुधा सिंह के निर्देशन पर यातायात पुलिस महोबा व ARTO विभाग के द्वारा संयुक्त रुप से ARTO कार्यालय पर नवनिर्वाचित जिला पंचायत अध्यक्ष श्री जे0पी0 अनुरागी की उपस्थिति में **“सड़क सुरक्षा सप्ताह” 22-28 जुलाई** का शुभारंभ किया गया। जिसमें यातायात पुलिस द्वारा यातायात के नियमों को बताया गया तथा जनपदवासियों से यातायात नियमों का पालन करने की विशेष अपील की। प्रभारी यातायात द्वारा लोगों से नियमित रुप से हेलमेट पहनकर व शराब न पीकर वाहन चलाने को कहा गया तथा जनता से चार पहिया वाहनो के चलाते समय शीट बेल्ट का प्रयोग करने एवं वाहन को निर्धारित गति में चलाने की अपील की गई तथा उपस्थित लोगों को यातायात के पालन हेतु यातायात शपथ दिलायी गयी।

इसी क्रम में ARTO कार्यालय से **“जागरुकता अभियान”** के तहत प्रचार वाहन को नवनिर्वाचित जिला पंचायत अध्यक्ष श्री जे0पी0 अनुरागी द्वारा हरी झंड़ी दिखाकर रवाना किया गया, जो शहर के विभिन्न मार्गों से होकर गुजरेगी एवं लोगो को यातायात के नियमो के प्रति जागरुक करेगी।

सड़क सुरक्षा सप्ताह (22 – 28 जुलाई) कार्यक्रम में प्रभारी यातायात उ0नि0 अरविन्द कुमार मिश्र मय टीम सहित, व्यापार मंडल अध्यक्ष श्री रामजी गुप्ता, समाज सेवी श्री दाऊ तिवारी व अन्य नगर के संभ्रान्त लोग उपस्थित रहे।













# प्रेस विज्ञप्ति
दिनांकः- 22.07.2021

# महोबा पुलिस

सोशल मीडिया सेल

## थाना कबरई पुलिस टीम ने नामजद अभियुक्त की निशांदेही पर घटना में प्रयुक्त अवैध तमंचा किया बरामद...।

पुलिस अधीक्षक महोबा श्रीमती सुधा सिंह के निर्देशन पर तथा अपर पुलिस अधीक्षक श्री आर.के. गौतम के निकट पर्यवेक्षण में जनपदीय पुलिस द्वारा अपराध पर अंकुश एवं शातिर अपराधियों की गिरफ्तारी अभियान के दृष्टिगत क्षेत्राधिकारी नगर के नेतृत्व में चलाये जा रहे अपराधियों के सत्यापन/अवैध शस्त्र धारक अपराधियो की चेकिंग/गिरफ्तारी अभियान के क्रम में आज दिनांक 22.07.2021 को थानाध्यक्ष कबरई श्री दिनेश सिंह के द्वारा गठित टीम ने अभियान में शामिल होकर मु.अ.सं. 204/21 धारा 147/148/149/307/504/506 भादवि थाना कबरई से सम्बन्धित अभि0 उमेश पुत्र मैकु कुशवाहा के निशांदेही पर बताये गये स्थान डहर्रा पहाड से घटना में प्रयुक्त एक अदद तमंचा 12 बोर बरामद किया गया। बरामगदी के आधार पर थाना हाजा पर अभियुक्त के विरुद्ध मु.अ.सं. 220/21 धारा 3/25ए एक्ट पंजीकृत किया गया व अभियुक्त को मां0 न्यायालय के समक्ष पेशी हेतु भेजा गया ।

### गिरफ्तार करने वाली टीम –

1. उ0नि0 सुमित नारायण तिवारी
2. रि0कां0 बाबूलाल पटेल
3. कां0 मनीष कुमार
4. रि0कां0 शुमभ जयसवाल 5. कां0 नन्दलाल सिंह पटेल

### अभियुक्त का विवरण...

उमेश पुत्र मैकु कुशवाहा नि0 मु0 इन्द्रानगर कस्बा व थाना कबरई जिला महोबा



# महोबा पुलिस

**प्रेस विज्ञप्ति**

**दिनांकः- 22.07.2021**

**सोशल मीडिया सेल**

## जनपदीय पुलिस द्वारा पैदल गस्त के दौरान की संदिग्धों की चेकिंग व लोगो को कोविड-19 संक्रमण के प्रति किया सचेत




आज दिनाँक 22.07.2021 को पुलिस अधीक्षक महोबा श्रीमती सुधा सिंह के कुशल निर्देशन में जनपद में शान्ति/कानून-व्यवस्था के मद्देनजर समस्त थानों द्वारा अपने थाना क्षेत्र के मुख्य बाजार, धार्मिक-स्थल, बस-स्टैण्ड, ढाबा आदि जगहो पर पैदल गस्त करके संदिग्ध वाहनों/व्यक्तियों की चेकिंग की गई, साथ ही लोगो को कोविड संक्रमण के प्रति सचेत करते हुए मास्क का प्रयोग व 02 गज की दूरी सहित कोविड गाइडलाइन का पालन करने की अपील की गई।

यातायात नियमो के उल्लंघन पर **39 ई-चालान** व कोविड-19 नियमो के उल्लंघन पर **13 व्यक्तियों से 2400/-रु0 शुल्क वसूला गया।**







